प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

अनुस्मारक / अति–महत्वपूर्ण

सेवा में,

प्रधानाचार्य / निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त
राजकीय / अनुदानित / निजी क्षेत्र की संस्थाएं।

पत्रांकः प्राशिप / अनु0–6 / सैत्रिक अंक / 2025 / 5568 लखनऊः दिनांकः 29 / 11 / 2025

विषयः विषम सेमेस्टर / विशेष बैक पेपर परीक्षा, नवम्बर–दिसम्बर 2025 में सम्मिलित हो रहे समस्त पाठ्यक्रम के रजिस्टर्ड / रि–रजिस्टर्ड छात्र / छात्राओं के सैत्रिक / गेम्स / अनुशासन अंक ऑनलाइन भराये जाने विषयक।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक परिषद कार्यालय के पत्र संख्या प्राशिप / अनु06 / सैत्रिक अंक / 2025 / 5397 दिनांक 23 / 11 / 2025 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसके माध्यम से विषम सेमेस्टर / विशेष बैक पेपर परीक्षा, नवम्बर–दिसम्बर 2025 की परीक्षा में सम्मिलित हो रहे छात्र / छात्राओं के सैत्रिक, गेम्स, अनुशासन अंको / SCA अंको की सूचियाँ, परिषद की वेबसाइट www.bteup.ac.in पर संस्था लॉगिन द्वारा दिनांक 24 / 11 / 2025 से 30 / 11 / 2025 तक ऑनलाइन भराये जाने के संबंध में निर्देश प्रदान किये गये हैं।

परन्तु कतिपय संस्थाओं द्वारा विषम सेमेस्टर / विशेष बैक पेपर परीक्षा, नवम्बर–दिसम्बर 2025 की परीक्षा में सम्मिलित हो रहे छात्र / छात्राओं के सैत्रिक अंकों की ऑनलाइन प्रविष्टि नही की गयी है। उक्त के कम में आपको अन्तिम रूप से निर्देशित किया जाता है कि सैत्रिक अंकों की ऑनलाइन प्रविष्टि किये जाने हेतु दिनॉक 03 / 12 / 2025 तक तिथि विस्तारित की जाती है।

**यह भी अवगत कराना है कि संस्था द्वारा ऑनलाइन सैत्रिक अंकों की पृविष्टि किये जाने के पश्चात किसी भी दशा में परिषद विनियमावली "उत्तर प्रदेश प्राविधिक शिक्षा (प्रवेश, परीक्षाओं का संचालन और प्रमाण–पत्र और डिप्लोमा प्रदान किया जाना) प्रथम संशोधन) विनियमावली 2016 के विनियम 26 के स्तम्भ–2 में एतद्द्वारा प्रतिस्थापित विनियम (4) के अनुसार "यह कि संस्था द्वारा एक बार संसूचित और परिषद द्वारा स्वीकार किये गये आंतरिक निर्धारण अंकों (सेशनल, खेलकूल, अनुशासन) में परिणामों की घोषणा के पश्चात परिवर्तन नही किया जायेगा" के अन्तर्गत आप द्वारा ऑनलाइन प्रविष्टि कराये गये सैत्रिक अंकों में किसी भी प्रकार का परिवर्तन / संशोधन परीक्षाफल घोषित होने के उपरांत किया जाना नियम विरूद्ध है। सैत्रिक आदि अंक सूचियों में अंकों की प्रविष्टि सावधानी पूर्वक की जाये।**

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि विषम सेमेस्टर / विशेष बैक पेपर परीक्षा, नवम्बर–दिसम्बर 2025 में सम्मिलित हो रहे छात्र / छात्राओं के सैत्रिक, गेम्स एवं अनुशासन अंको / SCA के अंकों की ऑनलाइन प्रविष्टि कराने का कार्य **दिनॉक 03 / 12 / 2025** तक प्रत्येक स्थिति में पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। **सैत्रिक अंकों की ऑनलाइन प्रविष्टि के पश्चात सैत्रिक अंकों में किसी भी दशा में संशोधन नही किया जायेगा। चाहे वह लिपिकीय त्रुटि क्यों न हो। शेष निर्देश पूर्ववत रहेंगे।**

भवदीय,

(डॉ. संतोष कुमार सिंह)
सचिव।

पृ0सं0: प्राशिप / अनु0–6 / सैत्रिक अंक / 2025 / 5569-73 तद्दिनांकः 29 / 11 / 2025

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव महोदय, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ को अपर मुख्य सचिव महोदय के अवगतार्थ प्रेषित।
2. महानिदेशक, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
3. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0, कानपुर।
4. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र / बुन्देलखण्ड क्षेत्र / मध्य क्षेत्र / पश्चिमी क्षेत्र को इस आशय के साथ कि उपरोक्तानुसार अपने क्षेत्रान्तर्गत संस्थाओं को निर्देशित करने का कष्ट करें।
5. प्रभारी, कम्प्यूटर अनुभाग, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0, लखनऊ को परिषद की वेबसाइट www.bteup.ac.in पर प्रदर्शित करने हेतु।

(डॉ. संतोष कुमार सिंह )
सचिव।

Scanned with OKEN Scanner